अनुक्रमांक................................ मुद्रित पृष्ठों की संख्या: 4

नाम.........................................

# 142 340 (CM)

## 2026

## समाजशास्त्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] [ पूर्णांक: 100

**निर्देश :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिए गए हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पी प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 11 से 20 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना हैं। प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना हैं। प्रश्न संख्या 27 से 29 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना हैं।

### बहुविकल्पीय प्रश्न

1. विश्व जनसंख्या दिवस' कब मनाया जाता है? 1

(A) 10 जुलाई (B) 8 मार्च

(C) 5 जून (D) 11 जुलाई

2. संस्कृतीकरण' शब्द की उत्पत्ति किसने की? 1

(A) चार्ल्स कूले (B) एन०के० दत्ता

(C) पी०एच० प्रभु (D) एम०एन० श्रीनिवास

3. 'कास्ट इन मॉडर्न इंडिया' पुस्तक का लेखक कौन है? 1

(A) मजूमदार और मदान (B) एम०एन० श्रीनिवास

(C) केतकर (D) रिजले

modelpaper.info

4. राजा राममोहन राय थे एक- 1

(A) वैज्ञानिक (B) लेखक

(C) अर्थशास्त्री (D) समाज सुधारक

5. किस समाज में द्वितीयक सम्बन्ध मुख्य रूप से सम्बद्ध है? 1

(A) ग्रामीण समाज (B) नगरीय समाज

(C) जनजातीय समाज (D) संघर्षशील समाज

6. सामाजिक परिवर्तन के सांस्कृतिक कारकों का समर्थक कौन है? 1

(A) कार्ल मार्क्स (B) सोरोकिन

(C) वेब्लेन (D) वेबर

7. संविधान के किस संशोधन में पहली बार पंचायती राज को संवैधानिक प्रस्थिति प्रदान की गई? 1

(A) 42वें (B) 72वें

(C) 73वें (D) 74वें

8. भारत में निर्धनता का प्रमुख कारक है- 1

(A) विकसित कृषि (B) विकसित उद्योग

(C) विकसित व्यापार (D) रोजगारपरक शिक्षा का अभाव

9. भारत की वित्तीय राजधानी किस नगर को कहा जाता है? 1

(A) हैदराबाद (B) मुंबई

(C) अहमदाबाद (D) जयपुर

10. सूचना का अधिकार अधिनियम लागू हुआ था- 1

(A) 2004 (B) 2005

(C) 2006 (D) 2007

## अति लघु उत्तरीय

11. 2011 की जनगणनानुसार भारत की नगरीय और ग्रामीण जनसंख्या कितनी है? 3

12. अनुसूचित जनजाति की तीन विशेषताएँ बताइए। 3

13. संदर्भ समूह से क्या समझते हो? 3

14. समाज में कानून की क्या भूमिका है? 3

modelpaper.info

15. उदारीकरण शब्द का क्या तात्पर्य है? 3

16. भारत में होने वाले प्रमुख पर्यावरणीय आंदोलन के नाम लिखिए 3

17. कृषक समाज की मुख्य विशेषताएँ बताइए। 3

18. उपनिवेशवाद के कारण भारतीय समाज में किन्हीं दो परिवर्तनों को बताइए। 3

19. अन्तर्विवाह को समझाइए। 3

20 . बाजार से आप क्या समझते हैं? 3

## लघु उत्तरीय प्रश्न

21 जाति प्रथा में परिवर्तन लाने वाले उत्तरदायी कारकों की विवेचना कीजिए। 6

22. सर्वेक्षण प्रणाली को स्पष्ट कीजिए। 6

23. धर्म-निरपेक्षीकरण की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 6

24. 'ग्राम पंचायत' के प्रकार्यों की व्याख्या कीजिए। 6

25. भूमिहीन कृषि मजदूरों के हितों की रक्षा करने के लिए सरकार ने क्या उपाय किए हैं? 6

26. जनसम्पर्क माध्यम क्या है? 6

## विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

27. भारत में लिंगानुपात में गिरावट के कारणों पर प्रकाश डालिए। 8

अथवा

जाति व्यवस्था को समझाइए तथा जातीय विषमता को दूर करने के लिए अपनाई गई कुछ नीतियों का वर्णन कीजिए?

28. सामाजिक सर्वेक्षण से आप क्या समझते हैं। 8

अथवा

नगरीय समाज से क्या आशय है इसकी प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

29. सांस्कृतिक समुदाय को परिभाषित कीजिए । 8

अथवा

धर्मनिरपेक्षता को परिभाषित कीजिए।

modelpaper.info